करथुआ में लाखों रुपए की खैर की लकड़ी जब्त

चितरंगी पुलिस की कार्रवाई में अंतरराज्यीय तस्करी नेटवर्क का पर्दाफाश, जांच के बाद दर्ज हुआ मामला, आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 जून। थाना क्षेत्र चितरंगी अंतर्गत करथुआ वन परिक्षेत्र के ग्राम सकरिया में खैर लकड़ी की अवैध तस्करी का बड़ा मामला उजागर हुआ है। चितरंगी पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में लाखों रुपये मूल्य की खैर लकड़ी से भरा ट्रक जप्त किया गया है। मामले में मुख्य आरोपी और वाहन चालक को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को पिछले कई दिनों से क्षेत्र में खैर लकड़ी की अवैध खरीद-फरोख्त और परिवहन की सूचनाएं मिल रही थीं। इसके बाद पुलिस द्वारा लगातार चार से पांच दिनों तक जांच-पड़ताल, निगरानी और सूचना संकलन का कार्य किया गया। पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद कार्रवाई करते हुए खैर लकड़ी से भरा वाहन पकड़ा गया और मामला दर्ज किया गया। पुलिस जांच में सामने आया है कि मुख्य आरोपी हुनूर खान निवासी नूह हरियाणा क्षेत्र के किसानों से खैर की लकड़ी खरीदकर उसे कानपुर, मेवात, झज्जर तथा अन्य स्थानों तक पहुंचाने का काम करता था।

लकड़ी को काटकर बोगी के रूप में तैयार किया जा रहा था और परिवहन की तैयारी चल रही थी, तभी पुलिस ने कार्रवाई कर पूरे नेटवर्क का खुलासा कर दिया। खैर की लकड़ी का उपयोग कत्था निर्माण, औषधि उद्योग, कॉस्मेटिक उत्पाद, रसायन और अन्य औद्योगिक कार्यों में बड़े पैमाने पर किया जाता है। बाजार में इसकी ऊंची कीमत होने के कारण इसकी अवैध तस्करी लगातार बढ़ रही है।

क्षेत्र में यह चर्चा भी बनी हुई है कि मामले की शुरुआती जांच और कार्रवाई पुलिस द्वारा की गई, जबकि बाद में अन्य विभाग भी प्रक्रिया का हिस्सा बने। हालांकि पूरे मामले में वैधानिक कार्रवाई संबंधित विभागों के समन्वय से आगे बढ़ाई जा रही है।

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान की जा रही है। जांच के आधार पर आगे और गिरफ्तारियां हो सकती हैं। इस कार्रवाई के बाद अवैध वन संपदा कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप का माहौल है।

छ: महीने पहले भी चितरंगी पुलिस ने की थी कार्रवाई

यहां बताते चले कि चितरंगी पुलिस ने करीब छ: महीने पहले नौगई मार्ग में एक ट्रक माड़ा की ओर से खैर की लकड़ी लेकर जा रहा था कि बेकाबू होकर पलट गया। जिसमें चितरंगी पुलिस ने लाखों रूपये की खैर की लकड़ी को बरामद की गई थी। उस समय चर्चा थी कि खैर लकड़ी माफिया गिरोह काफी सक्रिय था और माड़ा क्षेत्र से कौड़ी के भाव खैर की लकड़ी खरीदकर हरियाणा प्रांत बेचने ले जा रहे थे। ज्ञात हो कि माड़ा क्षेत्र में सर्वाधिक मात्रा में खैर की लकड़ी है। हालांकि अधिकांश खैर की लकड़ी निजी भूमियों में है। लेकिन चर्चाएं यही होती रही कि वन विभाग से बिना परमिशन के ही खैर की लकड़ी बेच दी जाती है। हालांकि वन विभाग कार्रवाई करने से गुरेज करता आ रहा है। असली कारण क्या है, यह तो वन विभाग के अधिकारी ही बता पाएंगे।

खैर लकड़ी के कारोबारियों पर वन अमला मेहरबान

खैर की लकड़ियों का अवैध कारोबार जिले में करीब दो दशक के अधिक समय से चल रहा है, लेकिन वन अमला इन कारोबारियों पर कड़ाई के साथ शिकंजा नही कसता है। माड़ा वन परिक्षेत्र में खैर लकड़ी कारोबार काफी फल फूल चुका है। पिछले वर्ष माड़ा पुलिस ने भी एक बड़ी कार्रवाई की थी। अब सवाल उठाया जा रहा है कि पुलिस को यह दिख जा रहा है कि अवैध लकड़िया हैं। परंतु कई रेंज के क्षेत्र प्रवेश करने के बावजूद वन अमले को बेशकीमती लकड़ियों का अवैध परिवहन नही दिखाई देता। अब इसी बात को लेकर चर्चा भी शुरू हो गई है कि कहीं न कहीं संबंधित क्षेत्र का वन अमला कारोबारियों पर मेहरवान हैं।

81 लाख रुपए की लागत से होगा आधुनिक भवन का निर्माण कार्य

ननि मुख्यालय में केंद्रीय कार्यशाला भवन का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 जून। नपानि द्वारा प्रशासनिक एवं तकनीकी व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वार्ड क्रमांक 30 स्थित नगर निगम मुख्यालय परिसर में मशीनरी सप्लाई एवं केंद्रीय कार्यशाला भवन के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इस भवन का निर्माण लगभग 80.97 लाख रुपये की लागत से कराया जाएगा। निर्माण कार्य का शुभारंभ सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह एवं ननि अध्यक्ष देवेश पाण्डेय ने विधिवत पूजा-अर्चना कर किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने कहा कि केंद्रीय कार्यशाला के निर्माण से नगर निगम की मशीनरी के रखरखाव, मरम्मत एवं संचालन संबंधी कार्यों में काफी सुविधा मिलेगी। इससे निगम के विभिन्न विकास एवं जनहित कार्यों को समय पर पूरा करने में मदद मिलेगी।

एक नजर में

पर्यावरण दिवस पर कलेक्टर ने रोपा आम का पौधा

सिंगरौली। विश्व पर्यावरण दिवस के विशेष अवसर पर पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर में आम का पौधा रोपा गया। पौधा रोपने के उपरांत कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों-कर्मचारियों को प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का मुख्य आधार हैं। उन्होंने इस बात पर विशेष जोर दिया कि केवल पौधा लगाना ही काफी नहीं है, बल्कि उसका एक बच्चे की तरह संरक्षण करना और उसे वृक्ष बनाना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। उन्होंने जिले के सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूलों और सार्वजनिक स्थानों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान चलाने की बात कही, ताकि आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ, सुरक्षित और हरा-भरा वातावरण मिल सके।

आईपीएस गौरव पाण्डेय का सतना हुआ तबादला

सिंगरौली। म.प्र. शासन गृह विभाग मंत्रालय बल्लभ भवन भोपाल के द्वारा भापुसे अधिकारियों के तबादले किये गये, जिसमें मोरवा में पदस्थ 2022 बैच के आईपीएस अनुविभागीय अधिकारी गौरव पाण्डेय का अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतना के लिए तबादला हुआ है। गौरव पाण्डेय मोरवा में प्रशिक्षु के रूप में पदस्थ थे।

विकास को हरित और समावेशी बनाना समय की मांग है : संजय

रिहंद में पर्यावरण दिवस पर हुआ पौधरोपण

नवभारत न्यूज

रिहंदनगर 5 जून। इक्कीसवीं सदी का सबसे महत्वपूर्ण विकास सिद्धांत सतत विकास है। इसका मतलब वर्तमान पीढ़ी की आवश्यकताओं की पूर्ति इस प्रकार करना कि भविष्य की पीढ़ियों की आवश्यकताओं से समझौता न हो। आर्थिक विकास, सामाजिक न्याय और पर्यावरण संरक्षण ये तीनों सतत विकास के स्तंभ हैं। विकास को हरित और समावेशी बनाना समय की मांग है।

उक्त उद्गार संजय असाटी परियोजना प्रमुख ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान व्यक्त किए । एनटीपीसी रिहंद में विश्व पर्यावरण दिवस का आयोजन प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए थीम के साथ बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए एक पर्यावरण पदयात्रा तथा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परियोजना प्रमुख संजय असाटी ने लेक पार्क से पर्यावरण पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जो कि शिवालिक गेस्ट हाउस पहुँचकर समाप्त हुई । कार्यक्रम में बालिका सशक्तिकरण अभियान सपनों की उड़ान की सभी प्रतिभागी बालिकाओं ने भी सक्रिय रूप से भाग लिया तथा रैली में उत्साहपूर्वक भागीदारी कर वृक्षारोपण भी किया। इसके साथ ही बालिकाओं ने पर्यावरण से संबन्धित गीत, नुक्कड़ नाटक तथा नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को काफी प्रभावित किया तथा पर्यावरण की रक्षा का सशक्त एवं भावुक संदेश दिया ।

मध्यरात्रि चेकिंग में 8 नशेड़ी ट्रक चालकों पर बड़ी कार्रवाई

यातायात पुलिस ने 57 वाहनों की जांच कर चलाया विशेष अभियान, 6 ट्रक और 2 ट्रेलर जब्त, न्यायालय में पेश किए गए वाहन

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 जून। सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम एवं यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से यातायात पुलिस सिंगरौली द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

इसी क्रम में 4-5 जून की मध्यरात्रि को शहर के विभिन्न प्रमुख स्थानों पर औचक वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें शराब पीकर वाहन चलाने वाले 8 भारी वाहन चालकों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस द्वारा निगाही मोड़, अमलोरी तिराहा एवं पुराने ट्रैफिक तिराहे पर अलग-अलग टीमों का गठन कर वाहनों की जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 57 वाहनों की जांच की गई तथा चालकों को यातायात नियमों के पालन एवं सुरक्षित वाहन संचालन के संबंध में समझाइश दी गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शराब अथवा अन्य मादक पदार्थों का सेवन कर वाहन चलाने से चालक का मानसिक संतुलन प्रभावित होता है, जिससे दुर्घटना की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। चेकिंग के दौरान 6 ट्रक एवं 2 ट्रेलर सहित कुल 8 वाहनों के चालक शराब के नशे में वाहन चलाते पाए गए। सभी वाहनों को जप्त कर वैधानिक कार्रवाई के लिए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय द्वारा दो वाहनों पर कुल 22 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया है, जबकि शेष मामलों का निराकरण आगामी दिनों में किया जाएगा।

शराबी चालकों के लाइसेंस भी होंगे निलंबित

यातायात पुलिस के अनुसार शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध लगातार की जा रही कार्रवाई का सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला है। वर्ष 2025 में चलाए गए विशेष अभियान के कारण सड़क दुर्घटनाओं में कमी दर्ज की गई है। पुलिस का मानना है कि कड़ी कार्रवाई और जागरूकता दोनों के माध्यम से सड़क सुरक्षा को और मजबूत किया जा सकता है। यातायात पुलिस ने बताया कि न्यायालय के आदेशानुसार सभी दोषी चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस छ: माह के लिए निलंबित कराने का प्रस्ताव संबंधित जिला परिवहन कार्यालय को भेजा जाएगा। पुलिस ने आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील की है कि शराब पीकर वाहन न चलाएं और यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें।

मायाराम महाविद्यालय में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 जून। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मायाराम महाविद्यालय सिंगरौली द्वारा व्यापक पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व महाविद्यालय की प्रबंध समिति के अध्यक्ष बद्रीनारायण बैस के मार्गदर्शन में किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय परिवार ने क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में पौधारोपण अभियान चलाया। अभियान के तहत दिव्य संस्कार कुसवई विद्यालय, आदर्श गंगा मेढ़ौली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करेला, गोरबी, खरकटा, केंद्रीय विद्यालय सिंगरौली, सरस्वती शिशु मंदिर गोरबी तथा संदीपनी विद्यालय बरगवां में फलदार एवं छायादार पौधों का रोपण किया गया। प्रत्येक विद्यालय में दो-दो फलदार वृक्ष लगाए गए तथा महाविद्यालय परिसर में भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय के प्राध्यापकों एवं अतिथि वक्ताओं ने पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में वृक्षों की महत्ता पर प्रकाश डाला और सभी से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने का संकल्प लिया।

पांच घंटे सड़क पर पड़ी रही युवती

सिंगरौली 5 जून (एनबीएन)। बैढ़न के टाकिज चौराहा के पास आज एक युवती अचेत हालत में पॉच घंटे तक सड़क के किनारे पड़ी रही। परंतु न तो दुकानदार मानवता दिखाए और ना ही राहगीर। क्षत्रिय कुलावंत संगठन टीम के अंकित सिंह एवं सतेन्द्र सिंह ने मानवता दिखाते हुये जिला अस्पताल के लिए भेजवाया।

57 लाभार्थियों को 112 सहायक उपकरण वितरित

दिव्यांगजन सशक्तिकरण की दिशा में एनटीपीसी सिंगरौली की सार्थक पहल

नवभारत न्यूज

शक्तिनगर 5 जून। एनटीपीसी सिंगरौली द्वारा अपनी सीएसआर पहल के अंतर्गत भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम के सहयोग से विकास खंड परिसर, म्योरपुर में दिव्यांगजनों के लिए नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरण शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर के माध्यम से पूर्व चिन्हित 57 दिव्यांग लाभार्थियों को 112 सहायक उपकरण प्रदान किए गए, जिससे उनके जीवन को अधिक सुगम, आत्मनिर्भर एवं सम्मानजनक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मान सिंह गौड़, ब्लॉक प्रमुख, म्योरपुर, दिनेश मिश्रा, खंड विकास अधिकारी, म्योरपुर, डॉ. ओम प्रकाश, उप महाप्रबंधक एनटीपीसी सिंगरौली तथा कुमार आदर्श, सीएसआर अधिकारी की उपस्थिति रही। अतिथियों ने लाभार्थियों को सहायक उपकरण वितरित करते हुए उनके उज्जवल एवं आत्मनिर्भर भविष्य की कामना की। शिविर में वितरित उपकरणों में मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल, ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, दृष्टिबाधितों के लिए विशेष छड़ी, श्रवण यंत्र, वॉकर, चेयर-कमोड, सिलिकॉन फोम तकिया सहित विभिन्न प्रकार के सहायक उपकरण शामिल थे। इन उपकरणों से दिव्यांगजनों की गतिशीलता बढ़ेगी तथा उनके दैनिक जीवन और आजीविका संबंधी गतिविधियों में सुविधा प्राप्त होगी।

भारतीय शक्ति चेतना पार्टी का स्थापना दिवस कल

राष्ट्रीय अध्यक्ष संध्या शुक्ला की उपस्थिति में निकाली जाएगी रैली

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 जून। भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर 7 जून को सिंगरौली जिले में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2013 में स्थापित पार्टी अपने स्थापना दिवस को प्रत्येक वर्ष उत्साह और जनसहभागिता के साथ मनाती आ रही है।

इसी क्रम में इस वर्ष का संभागीय स्थापना दिवस समारोह विशेष रूप से सिंगरौली में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें सीधी, रीवा, मऊगंज एवं सिंगरौली जिलों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर पार्टी कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन की प्रमुख विशेषता भारतीय शक्ति चेतना पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन संध्या शुक्ला तथा राष्ट्रीय महासचिव आशीष शुक्ला की उपस्थिति रहेगी। उनके मार्गदर्शन में पार्टी की भावी रणनीतियों, संगठन विस्तार तथा जनहित के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। आयोजन के तहत दोपहर 3 बजे माजन मोड़ से एक विशाल रैली निकाली जाएगी, जिसमें पार्टी के झंडों और नारों के साथ कार्यकर्ता शक्ति प्रदर्शन करेंगे। इसके पश्चात शाम 5 बजे रामलीला मैदान में आमसभा आयोजित होगी, जहां पार्टी नेतृत्व कार्यकर्ताओं और आमजन को संबोधित करेगें।

भाजपा का विविध कार्यक्रम आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 जून। भाजपा के विभिन्न मंडलों की नियमित बैठकें जारी हैं। 5 जून को मुख्यालय मंडल बैढ़न समेत तियरा, बरगवां मंडलों की काम काजी बैठकें सम्पन्न हुईं। भाजपा के संगठन द्वारा मंडलों की बैठकों के उपरांत विश्व पर्यावरण दिवस पर विशेष ध्यान केंद्रित किया गया। जिलाध्यक्ष द्वारा प्रत्येक मंडल में एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण किया गया तथा रोपित पौध के संरक्षण के लिए विशेष कार्यकर्ता को अधिकृत किया गया। जिलाध्यक्ष ने अपने उद्बोधन में कहा कि पर्यावरण रक्षा के लिए अधितम पौधे लगाए जाने की आवश्यकता है किंतु ये केवल दिखावे के लिए न हो।

पर्यावरण दिवस पर पौधरोपण, चित्रकला, स्लोगन व निबंध प्रतियोगिता आयोजित

उत्साह पूर्वक एनसीएल में मनाया गया विश्व पर्यावरण दिवस, जागरुकता रैली आयोजित

नवभारत न्यूज

सिंगरौली 5 जून। भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी एनसीएल में प्रकृति से प्रेरित: जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए विषय पर विश्व पर्यावरण दिवस मनाया गया।

एनसीएल मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एनसीएल के निदेशक मनीष कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि ध्वजारोहण किया एवं उपस्थित सभी लोगों को विश्व पर्यावरण दिवस की शुभकामनाएँ दी। इस अवसर पर एनसीएल के मुख्य सतर्कता अधिकारी अजय कुमार जायसवाल, कंपनी जेसीसी सदस्य बीएमएस से अशोक कुमार मिश्रा, आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह, एचएमएस से अशोक कुमार पांडेय, सीएमओआई प्रतिनिधि, सर्वेश कुमार सिंह, मुख्यालय के महाप्रबंधकगण, विभागाध्यक्षगण एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान महाप्रबंधक राकेश कुमार द्वारा एनसीएल की होल्डिंग कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड के चेयरमैन बी साईराम के पर्यावरण दिवस पर प्राप्त संदेश का वाचन किया गया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्वों की शपथ ग्रहण की। कार्यक्रम के अंत में विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में निदेशक, मुख्य सतर्कता अधिकारी एवं अन्य ने मुख्यालय परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों में भी विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया एवं पौधारोपण, चित्रकला, स्लोगन व निबंध इत्यादि प्रतियोगिताओं तथा जागरूकता रैली जैसे अनेक कार्यक्रमों का भी वृहद स्तर पर आयोजन किया गया।